8-1/CSU/Acd/SA/2025/ 1056

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Central Sanskrit University
जनकपुरी, नई दिल्ली
Janakpuri, New Delhi

(शैक्षणिक विभाग/Academic Section)

दिनांक/Date: 09-09-2025

# अधिसूचना/Notification

**विषयः- विश्वविद्यालय के सभी परिसरों, आदर्श महाविद्यालयों एवं संबद्ध संस्थाओं में सद्यः प्रवेश (Spot Admission) प्रक्रिया के संबंध में।**

सभी को सूचित किया जाता है कि सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के सभी परिसरों, आदर्श महाविद्यालयों एवं संबद्ध संस्थाओं में संचालित सभी पाठ्यक्रमों में अब तक हुए प्रवेश के उपरांत रिक्त रहे स्थानों पर स्पॉट एडमिशन की प्रक्रिया दिनांक 10 सितंबर 2025 से 15 सितंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी।

परिसरों/संस्थाओं में पंजीकरण के उपरांत छात्रों को तत्काल प्रवेश शुल्क जमा करवाने हेतु निर्देशित किया जाएगा। संबद्ध संस्थाओं/परिसरों में पंजीकरण उपरांत शुल्क विकल्प सक्रिय करने हेतु प्रवेश शाखा को मेल द्वारा सूचना देने पर शुल्क जमा कराकर प्रवेश लिया जा सकेगा। संबंधित परिसरों, आदर्श महाविद्यालयों एवं संबद्ध संस्थाओं के निदेशकों/प्राचार्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस संबंध में **व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक कदम उठाएँ तथा छात्रों को सूचित करें।**

शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम के लिए CUET PG 2025 परीक्षा के आधार पर समर्थ पोर्टल पर आवेदन करने वाले छात्रों की सूची में श्रेणी के आधार पर वरीयता क्रम से परिसर स्तर पर रिक्त स्थानों के अनुसार स्पॉट एडमिशन **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर प्रवेश सुनिश्चित करना है। इसी प्रकार ITEP के लिए भी संबंधित परिसर में प्रेषित पंजीकृत सूची या NCET ITEP परीक्षा में आवेदन करने वाले छात्रों को संबंधित श्रेणी के अनुसार रिक्त स्थानों पर स्पॉट एडमिशन प्रक्रिया में प्रवेश दिया जा सकेगा।

- रिक्त स्थानों की स्थिति जानने के लिए संबंधित परिसर/महाविद्यालय में संपर्क करना है।
- संपर्क हेतु संबंधित परिसर की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है तथा संबद्ध महाविद्यालय की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करें। यह प्रक्रिया परिसर/संस्था स्तर पर पूर्णता ऑफलाईन माध्यम से करवाई जाएगी।
- **उक्त तिथि के बाद विश्वविद्यालय में प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकरण पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**नोट :- अभिनव पाठ्यक्रमों में प्रमाण पत्र एवं PG डिप्लोमा के प्रवेश पंजीकरण 30 सितंबर 2025 तक जारी रहेंगे।**

**(प्रो. मदन मोहन झा)**
अधिष्ठाता, शैक्षिकवृत्त

प्रतिलिपिः-

1. निजी सचिव, कुलपति कार्यालय
2. निजी सचिव, कुलसचिव कार्यालय
3. परीक्षा नियन्त्रक महोदय, के.सं.वि.
4. निदेशक, समस्त सम्बन्धित परिसर
5. निदेशक, आदर्श योजनाएँ
6. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध आदर्श महाविद्यालय
7. संस्था प्रधान, समस्त मान्यता प्राप्त संस्थाएँ
8. सम्बद्ध संचिका।